राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 145 | नूंह, सोमवार 24 फरवरी 2025 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com




# दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनियों ने स्नान कर जीवन धन्य किया, मां जानकी के 'मायके' वाले भी पहुंचे

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या शनिवार को 62 करोड़ पार हो गई है। पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनी भी संगम में पुण्य स्नान कर चुके हैं। वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 110 करोड़ सनातनी हैं। वहीं पूरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वालों की आबादी करीब 120 करोड़ है। इस तरह से पूरी दुनिया के 50 प्रतिशत से अधिक सनातनी संगम में डुबकी लगा चुके हैं।भारत में सनातन धर्म को मानने वाले 55 प्रतिशत से अधिक लोग संगम स्नान कर चुके हैं। 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर साक्षी बन चुके हैं।

## महाकुंभ में पुण्य की महाडुबकी



[ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू प्यू रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 110 करोड़ सनातनी हैं। वहीं पूरी दुनिया में सनातन धर्म को मानने वालों की आबादी करीब 120 करोड़ है। 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। ]

## डीडीयू जंक्शन पर भिड़े पैसेंजर, चले लात-घूंसे और थप्पड़

उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) रेलवे स्टेशन से महाकुंभ में जाने के लिए यात्रियों की जमकर भीड़ उमड़ी। ट्रेनों में बैठने को लेकर लोग आपस में भिड़ जा रहे हैं और मारपीट तक करने लगे। यहां पर यात्रियों के बीच लड़ाई का एक वीडियो सामने आया है। ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों का दो समूह आपस में भिड़ गया। दोनों समूहों में पहले कहासुनी हुई। इसके बाद एक समूह के एक व्यक्ति ने दूसरे समूह के एक व्यक्ति को पीट दिया। हालांकि, जैसे ही दूसरे समूह के लोगों की नजर मारपीट करने पर पड़ी तो उन्होंने मिलकर पहले समूह के लोगों को पीट दिया।

### स्पेशल ट्रेन में चढ़ने की मशक्कत



**जाने वालों की उमड़ रही भारी भीड़**

डीडीयू रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की जमकर भीड़ उमड़ रही है। ट्रेनों में पैर तक रखने की जगह नहीं है, लेकिन डुबकी लगाने श्रद्धालु ट्रेनों में किसी तरह यात्रा कर रहे हैं।

## अब तक 62 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

### सीएम योगी ने सदी की दुर्लभ घटना कहा



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं और एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है। आगरा में 'यूनिकॉर्न कंपनीज कॉन्क्लेव'में योगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मैं इसे स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न महाकुंभ कहूंगा।

### भारतीय ज्ञान परंपरा से बड़ा बदलाव संभवः जयशंकर



काशी तमिल संगमम 3.0 में प्रतिनिधियों और विदेशी राजनयिकों को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि देश आज प्रौद्योगिकी के स्रोत के रूप में अपनी वैश्विक स्थिति को फिर से प्राप्त करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है, क्योंकि परंपरा प्रौद्योगिकी में मदद कर सकती है।


## खबर संक्षेप

### गुरु रंधावा घायल अस्पताल में भर्ती




**मुंबई।** मशहूर सिंगर गुरु रंधावा को अस्पताल में भर्ती कराया गया, सोशल मीडिया पर अस्पताल के बिस्तर से उन्होंने अपनी परेशान कर देने वाली तस्वीर पोस्ट कर यह खबर दी है। इससे फैंस की चिंता बढ़ गई है। रविवार को सिंगर ने अस्पताल से लेटेस्ट शॉकिंग फोटो शेयर करते हुए हेल्थ अपडेट दी है। उन्होंने भर्ती होने के पीछे की वजह भी बताई है।

### हापुड़ में मासूम का शव पड़ोस की छत पर मिला



**हापुड़।** जनपद के थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में दो दिन पहले लापता एक बच्चे का शव पड़ोस की एक छत से बरामद हुआ है। अपहरण के बाद बच्चे की हत्या की आशंका जताई जा रही है। गढ़ के मोहल्ला सेगेवाला निवासी राजाराम का बेटा कृष्णा (8) शुक्रवार से लापता था।

### गोवा घूमने गए पर्यटक ने महिला को कुचला



**पणजी।** दिल्ली के एक पर्यटक को गोवा में गिरफ्तार किया गया है। उस पर पालतू डॉग को लेकर हुई तीखी बहस के बाद एक महिला की कुचल कर हत्या करने का आरोप है। ये घटना मंड्रेम में हुई, जब एक स्थानीय महिला ने एक टूरिस्ट फैमिली से रिक्वेस्ट किया कि वे अपने डॉग को उनके घर के पास न लाएं।

### हिमाचल प्रदेश में भूकंप के तेज झटके लगे




**मंडी।** हिमाचल प्रदेश में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं, मंडी में धरती कांपी है। इस भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई है। कुछ दिन पहले दिल्ली-एनसीआर में भी भूकंप के तेज झटके महसूस हुए थे, तब तो लोग डरकर घर से बाहर निकल गए थे।

### कैंटर-पिकअप में टक्कर से 3 लोगों की मौत



**जेवर।** कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, दस अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि देवबंद सहारनपुर निवासी राहुल सिंह अपने परिवार के 13 सदस्यों के साथ छोटे हाथी (पिकअप) वाहन से आगरा होते हुए प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में देशवासियों को किया संबोधित

# प्रेरणास्रोत महिलाएं एक दिन मेरे 'एक्स' इंस्टाग्राम के अकाउंट को करेंगी साझा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 119 वें एपिसोड देश को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने महिला दिवस को लेकर खास चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अगले महीने आने वाले महिला दिवस को लेकर एक खास ऐलान किया है। पीएम मोदी ने कहा कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। देवी माहात्म्य में कहा गया है - विद्या : समस्ताः तव देवि भेदाः स्त्रीयः समस्ताः सकला जगत्सु। अर्थात सभी विद्याएं, देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं और जगत की समस्त नारी शक्ति में भी उनका ही प्रतिरूप है। हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है। इस दौरान संविधान सभा में हंसा मेहता के संबोधन को भी पीएम मोदी ने देश के साथ साझा किया। पीएम मोदी ने कहा कि साथियो, इस बार महिला दिवस पर मैं एक ऐसी पहल करने जा रहा हूँ, जो हमारी नारी-शक्ति को समर्पित होगी। इस विशेष अवसर पर मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट जैसे एक्स और इंस्टाग्राम के अकाउंट उनको देश की कुछ प्रेरणास्रोत महिलाओं को, एक दिन के लिए सौंपूंगा।

**महिला दिवस पर किया बड़ी पहल का ऐलान**

हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि


### अपने मासिक कार्यक्रम के 119 वें एपिसोड में बोले




### भारत ने स्पेस में शानदार सेंचुरी बनाई

पीएम मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में सबसे पहले क्रिकेट की बात की है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। लेकिन मैं, आप सबसे क्रिकेट नहीं, बल्कि भारत ने स्पेस में जो शानदार सेंचुरी बनाई है उसकी बात करने वाला हूं। पिछले महीने देश इसरो के 100वें रॉकेट की लॉन्चिंग के साक्षी बने हैं। स्पेस विज्ञान में नई ऊंचाइयों को छूने के हमारे संकल्प का पता चलता है।

### अंतरिक्ष यात्रा में वैज्ञानिकों ने हासिल की अभूतपूर्व सफलता



मोदी ने कहा, हमारी स्पेस यात्रा की शुरुआत सामान्य हुई थी। वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष की उड़ान में सफलताओं के झंडे गाड़ दिए। लॉन्च व्हीकल का निर्माण हो, चंद्रयान हो, मंगलयान हो, आदित्य एल-1 या एक रॉकेट से 104 सैटेलाइट को अंतरिक्ष में भेजने की अभूतपूर्व मिशन हो, हमने रिकॉर्ड बनाए।

### 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' रहें

पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले कुछ ही दिनों में हम 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाने जा रहे हैं। हमारे बच्चों का, युवाओं की विज्ञान में दिलचस्पी और जुनून होना बहुत मायने रखता है। इसे लेकर मेरे पास एक विचार है, जिसे आप 'एक दिन वैज्ञानिक के रूप में' रह सकते हैं, यानि, आप अपना एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में, एक वैज्ञानिक के रूप में, बिताकर देखें।

'एग्जाम वॉरियर्स' को दी शुभकामनाएं



### सकारात्मक सोच के साथ दें परीक्षा

पीएम मोदी ने कार्यक्रम में बोर्ड एग्जाम की तैयारी कर रहे बच्चों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को एग्जाम वॉरियर्स का नाम दिया। अपील की कि ये वॉरियर्स अपना आत्मविश्वास बनाए रखें और अपनी मेहनत पर विश्वास करें। पीएम मोदी ने कहा कि आप बिना कोई तनाव लिए सकारात्मक सोच के साथ अपने एग्जाम दीजिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह बोर्ड एग्जाम का समय है। मैं अपने युवा-साथियों यानि एग्जाम वॉरियर्स को उनकी परीक्षाओं के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। आप बिना कोई तनाव लिए सकारात्मक सोच के साथ अपने एग्जाम दीजिए।

## विधानसभा सत्र से पहले भाजपा की बैठक

सत्र आज से कार्यवाही पर की चर्चा



# सीएम रेखा व मंत्री-विधायकों ने किया गहन विचार-विमर्श

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा का नया सत्र सोमवार से शुरू होगा। पहले विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। दोपहर में विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। 25 फरवरी को उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा और लंबित सीएजी रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा जाएगा। सत्र से पहले भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। सीएम रेखा गुप्ता समेत मंत्री और विधायक दिल्ली भाजपा कार्यालय पहुंचे। इस बैठक में विधायकों के साथ सदन में होने वाली कार्यवाही को लेकर चर्चा की। रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक में मंत्री कपिल मिश्रा, प्रवेश वर्मा, मनजिंदर सिंह सिरसा आदि थे।

### सीएजी रिपोर्ट होगी पेश

सीएम गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में है। मंत्री अपने-अपने विभागों का गहन अध्ययन और योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। पिछली सरकार के कार्यकाल की कमियों को ठीक करने के लिए ताबड़तोड़ कदम उठाए जा रहे हैं। मंगलवार को उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा और लंबित सीएजी रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा जाएगा। 27 फरवरी को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव होगा। इसके बाद विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि होने के कारण सत्र नहीं बुलाया गया है। 27 फरवरी को पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक हो सकती है। सदन में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण पर बहस होगी।

### पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी बनीं नेता प्रतिपक्ष



आम आदमी पार्टी ने पार्टी मुख्यालय पर विधायक दल की बैठक की, जिसमें नेता प्रतिपक्ष के नाम पर मुहर लग गई है। आप ने ऐलान किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी इस बैठक में शामिल हुए। गोपाल राय ने इसकी औपचारिक घोषणा कर दी है।

## शिकारे की सवारी का आनंद



**श्रीनगर।** श्रीनगर में रविवार को धूप वाले सर्दियों के दिन में हाल ही में हुई बर्फबारी के बाद डल झील पर शिकारे की सवारी का आनंद लेते पर्यटक।

### धोती कुर्ता की चिंता छोड़ खेत में उतर गए शिवराज

# दिल्ली से नहीं चलेगा मखाना बोर्ड, भाजपा सरकार जमीन पर उतरकर कर रही काम

▶▶ दरभंगा

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को दरभंगा पहुंचे और मखाना किसानों से मिले। उन्होंने मखाना रिसर्च संेटर का दौरा किया और खेती की प्रक्रिया को समझा। वे खुद खेत में उतरे और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के साथ मखाना के पौधे भी रोपे। इस अंदाज ने लोगों का दिल जीत लिया। सांसद गोपाल जी ठाकुर भी मखाना पौधे को रोपे। कार्यक्रम से पहले शिवराज ने दिल्ली मोड़ स्थित मखाना अनुसंधान केंद्र में मखाना उत्पादों से जुड़े 10 स्टॉलों का निरीक्षण किया।

### डिप्टी सीएम और सांसद के साथ रोपे मखाना के पौधे



**पीएम किसानों को करेंगे 'मालामाल'**

चौहान ने पीएम मोदी के भागलपुर दौरे का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि मोदी जी देश के 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खातों में 22 हजार 700 करोड़ से ज्यादा की किसान सम्मान निधि देंगे।

**किसानों से बात कर मखाना बोर्ड का स्वरूप तय करेंगे**

चौहान ने कहा कि मखाना बोर्ड सिर्फ दिल्ली के कृषि भवन से नहीं चलेगा। किसानों से बात कर इसका स्वरूप तय करेंगे।

### किसानों की समस्याओं को दूर करेगा मखाना बोर्ड

चौहान ने बिहार के मखाना को 'सुपर फूड' बताया और किसानों की मेहनत की तारीफ की। उन्होंने बताया कि मखाना बोर्ड किसानों की समस्याओं को दूर करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि यहां का टैलेंट, यहां के मेहनती किसान और विशेषकर बिहार का मखाना सुपर फूड है। मखाना बोर्ड इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग के अंदर फंसी 8 जिंदगियां

टनल के अंदर खौफनाक मंजर

# सेना-नौसेना भी बचाव में जुटीं, जल्द आएंगे बाहर!

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) सुरंग के अंदर बचाव अभियान चलाया जा रहा है, जहां आठ जिंदगियां फंसी हुई है। मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने रविवार को कहा कि एसएलबीसी परियोजना में सुरंग का हिस्सा ढहने के बाद पिछले 30 घंटों से फंसे 8 लोगों को बचाने का प्रयास जारी है। राज्य सरकार भारतीय सेना, नौसेना, एनडीआरएफ और अन्य सुरंग विशेषज्ञों के साथ मिलकर काम कर रही है। रेड्डी ने उम्मीद जताई है कि फंसे हुए लोगों को जल्द बचा लिया जाएगा। वे परियोजना स्थल पर डेरा डाले हुए हैं।

### राज्यपाल ने ली जानकारी, शासन-प्रशासन भी कर रहे मशक्कत



**9 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाना बाकी**

मंत्री रेड्डी ने कहा कि लगभग 30 साल पहले सुरंग बनाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने बताया कि 44 किमी लंबी सुरंग में से लगभग 9 किमीकी सुरंग बची है, जिस पर काम किया जाना बाकी है। रेड्डी ने कहा कि कल से लापता आठ लोगों के सुरक्षित होने के लिए हम उम्मीद और प्रार्थना कर रहे हैं।

**तब 70 लोग काम पर थे**

मंत्री रेड्डी ने कहा कि मैं मैं हर मिनट निगरानी कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब सुरंग ढही, तब लगभग 70 लोग सुरंग में काम कर रहे थे। उनमें से अधिकतर बचकर अपनी आंतरिक ट्रेन या लोकोमोटिव से वापस आ गए।

### राज्यपाल ने गहन प्रयास के निर्देश दिए

तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा ने बचाव अभियान के बारे में जानकारी लेने नागरकुरनूल के कलेक्टर बी संतोष से फोन पर बात की। कलेक्टर ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और सेना, विशेषज्ञों के साथ बचाव अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हैं। इस दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों को सुरंग में फंसे लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अपने गहन प्रयास जारी रखने का निर्देश दिया।

## धन्यवाद यात्रा से पहले हादसा

# बिहार में अब 100 साल पुराना पुल गिरा, लाखों लोग प्रभावित

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

जिले के औराई प्रखंड क्षेत्र में एक 100 साल पुराना पुल ताश के पत्तों की तरह बिखर गया, जिससे आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। यह हादसा गरहां-हथौड़ी-अमनौर-औराई सड़क मार्ग पर अमनौर खाखर टोला के पास हुआ। हादसे के महज कुछ मिनट पहले ही एक बस पुल से गुजर चुकी थी, जिसे कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। इससे औराई प्रखंड की अतरार अमनौर, महेश्वाड़ा और कटरा प्रखंड की बेरई दक्षिणी



पंचायत सहित करीब डेढ़ लाख से अधिक की आबादी प्रभावित हुई है। लोगों को शहर जाने के लिए सात किलोमीटर अधिक दूरी तय करनी होगी, जिसमें अधिकतर रास्ता पैदल पार करना पड़ेगा। लोगों ने आरोप लगाया कि करीब डेढ़ साल पहले इस सड़क की मरम्मत कराई गई थी।

# Donald Trump likely to name a loyalist as Pentagon chief after tumultuous first term

Washington, Feb 23 President-elect Donald Trump's choice for defence secretary is still up in the air, but it is a sure bet he will look to reshape the Pentagon and pick a loyalist. During his tumultuous first term, five men held the job as Pentagon chief only to resign, be fired or serve briefly as a stopgap.While he has yet to announce a decision, the names of potential Pentagon chiefs stretch from the well-known — such as Rep. Mike Rogers, chairman of the House Armed Services Committee — to an array of former administration loyalists, including retired Lt. Gen. Keith Kellogg, who held national security posts during Trump's first term.Former Secretary of State Mike Pompeo had been floated, but Trump said on social media Saturday that Pompeo would not be joining the new administration. Rep. Michael Waltz of Florida had also been mentioned, but he's now been tapped to be Trump's national security adviser.Some decisions may linger for days as candidates jostle for attention and officials wait for the final results from House races, weighing whether Republican lawmakers can be tapped or if others are a safer pick to avoid a new election for an empty congressional seat."The choice is going to tell us a lot about how he will deal with the Pentagon," said Mark Cancian, senior adviser with the Center for Strategic and International Studies and a retired Marine colonel.He said someone with a deep military background may not be as dramatic of a change as others who may be viewed as stronger Trump loyalists.With a number of top jobs at the State Department, National Security Council and Defence Department up for grabs, Trump is expected to lean toward those who back his desire to end US involvement in any wars, use the military to control the U.S-Mexico border and take a hard line on Iran.

The key test, however, will be loyalty and a willingness to do whatever Trump wants, as he seeks to avoid the pushback he got from the Pentagon the first time around. Trump's relationship with his civilian and military leaders during those years was fraught with tension, confusion and frustration, as they struggled to temper or even simply interpret presidential tweets and pronouncements that blindsided them with abrupt policy decisions they weren't prepared to explain or defend.




# UK reiterates support for India's permanent UN Security Council seat



London, Feb 23 The UK has reiterated its support for India's permanent membership in the United Nations Security Council (UNSC) as part of an expansion of the international panel to ensure it can continue to rise to the pressing challenges faced by the world.


In an address to a UN General Assembly plenary in New York on Monday, UK Ambassador to the General Assembly Archie Young reflected upon Prime Minister Keir Starmer's statement at the UNGA back in September calling for the UNSC reforms to ensure the global multilateral system is "more representative and more responsive."Besides India, Young stressed that the UK wanted permanent representation for Africa, Brazil, Germany and Japan.

"The UK believes that a reformed Council, coupled with a collective, renewed commitment to the UN Charter, would strengthen the Council, so it can continue to rise to the challenges the world is facing; that is why we remain a strong supporter of the UN Security Council Reform. The Council must be expanded, to better reflect the world today," said Young."We continue to support an expansion in both the permanent and non-permanent categories of membership to a total in the mid-twenties. We want to see permanent African representation, and permanent seats for Brazil, Germany, India and Japan," he said.Reflecting on the 2023 Security Council reform agenda at the UN General Assembly, Britain's UN representative recalled the perilous and dangerous state of the world at the time and the challenge this posed to the multilateral system.

He noted: "A year later, the situation is even more acute, and the need to strengthen our multilateral system through reform, ever more pressing.""During his address to the UN General Assembly in September, my Prime Minister reflected on the increasingly complex and interconnected challenges the world, and our multilateral systems, are facing," he said."Conflict touches more countries now than at any time in the history of the United Nations, exacting a terrible human toll in Ukraine, Gaza, Sudan, and elsewhere in the world. The Security Council's role – and its responsibility for international peace and security – is as important now as it has ever been," he added.

Young admitted that agreeing on a model of reform for the Security Council will be "difficult" but asserted the importance of tackling the issue."It is incumbent on all of us to work together, in the spirit of compromise, to deliver the change we know is needed. The UK is committed to doing just that, and we look forward to detailed and constructive discussions in the intergovernmental negotiations, which we hope will move us forward towards text-based negotiations," he added.

# 35 killed, 43 injured as man rams car into crowd in Chinese city



Beijing, Feb 23 Thirty-five people were killed and 43 others injured when a 62-year old man rammed his car into a crowd in China's Zhuhai City on Monday, official media reported on Tuesday.Zhuhai is currently hosting China's prestigious airshow.

The driver, a divorced man identified as Fan, rammed his car at around 7.48 pm on Monday, when citizens were exercising at the sports centre in Zhuhai City, about 2,200 kms south of Beijing, state-run Xinhua news agency quoted Zhuhai public security bureau as saying. He was detained soon after the incident, Xinhua said.It was, however, not immediately clear whether it was an accident or an attack. Chinese President Xi Jinping has urged all-out efforts to treat the people injured in the car ramming case and also demanded punishing the perpetrator in accordance with the law, the Xinhua added. While reports of the incident are widely censored in the official media, videos posted on X showed distressing visuals of bodies lying on the street with people crying for help.

# 14 soldiers among 27 killed in Pakistan railway station blast



Islamabad/Karachi, Feb 23 At least 27 people, including 14 security forces, were killed and 62 others injured on Saturday in a suicide bombing at a railway station in Pakistan's restive Balochistan province, officials said.

The explosion ripped through the railway station of the provincial capital Quetta as passengers gathered on the platform before the departure of the Jaffar Express, scheduled to depart for Peshawar at 9 am.

There were around 100 people on the platform when the blast occurred."So far, we have received 27 bodies and at least 62 people are injured, with some in critical condition," said Dr Wasim Baig of the Quetta Trauma Centre. Dr Arbab Kamran Kasi, Managing Director of the trauma centre, warned that the death toll may increase since several wounded individuals, aged 20 to 50, remain in critical condition. Quetta Division Commissioner Hamza Shafqaat said it was a suicide attack targeting security forces and civilians were also hit badly."There are around 14 members of the law enforcement agencies among the dead and dozens more among the wounded," he said.

The suicide bomber had entered the station with luggage, Shafqaat said, adding that was difficult to stop a person coming with an intention to carry out a suicide attack.


Earlier, SSP Operations Muhammad Baloch had also said that initial findings point to a possible suicide bombing.The Baloch Liberation Army (BLA), an ethnic Baloch separatist group designated as a terrorist organisation, has claimed responsibility for the attack. The BLA alleges that the federal government exploits Balochistan's resources while neglecting the province's development. However, the federal government dismisses these allegations and claims that foreign powers are manipulating disgruntled elements to perpetrate sabotage.

"All bus stations, public spots have been put on high alert and gatherings discouraged," Shafqaat said.Balochistan Inspector General of Police (IG) Moazzam Ansari said early investigations suggest the terrorists "targeted personnel from the Army Infantry School".

Rescue and law enforcement teams responded immediately, securing the area and transporting the injured and deceased to Civil Hospital Quetta, according to the provincial government spokesperson.

# Kremlin denies report claiming Trump, Putin discussed Ukraine war

▶ US President-elect Donald Trump spoke to Russian President Vladimir Putin over the phone and discussed ending the war in Ukraine amongst many other important topics, claimed a media report.





Washington, Feb 23 US President-elect Donald Trump spoke to Russian President Vladimir Putin over the phone and discussed ending the war in Ukraine amongst many other important topics, claimed a media report.

"The two men discussed the goal of peace on the European continent and Trump expressed an interest in follow-up conversations to discuss 'the resolution of Ukraine's war soon," one of the people said," The Washington Post said in an exclusive report published on Sunday.

One former US official, who was familiar with the Putin call, said that it was likely that Trump does not want to enter office with a fresh crisis in Ukraine, prompted by Russian escalation, "giving him the incentive to want to keep the war from worsening," the daily said."During the call, which Trump took from his resort in Florida, he advised the Russian president not to escalate the war in Ukraine and reminded him of Washington's sizable military presence in Europe, said a person on the condition of anonymity. However, Kremlin spokesman Peskov in Moscow said the Western media reports of the phone call between Putin and Trump are 'untrue'. "There was no conversation... This is completely untrue; it's pure fiction," Peskov said.Meanwhile, Steven Cheung, Trump's communications director, said he would not comment on the private calls between President-elect Trump and other world leaders.

# जिला स्तरीय यूथ रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन

**रैड क्रॉस वालंटियर्स की मानवहितकारी गतिविधियों में ली जाएगी सेवाएं: अंकुश मिगलानी वाइस चेयरमैन हरियाणा राज्य रैड क्रॉस सोसायटी।**

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह विश्राम कुमार मीणा के कुशल मार्गदर्शन एवं सचिव महेश गुप्ता की देखरेख में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह द्वारा जिला स्तरीय यूथ रैड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शाहिद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय कन्या महाविद्यालय सालाहेडी के परिसर में आयोजित शिविर का समापन शुक्रवार हो हुआ। समापन शिविर में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा राज्य रैड क्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ के वैसे चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने शिरकत की। मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम रैड क्रॉस सोसायटी के संस्थापक सर जीन हैनरी डयूना की फोटो पर पुष्प अर्पित किए तथा दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि रैड क्रॉस एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है जिसे 04 बार शांति नोबल पुरस्कार मिला है। रैड



क्रॉस सोसायटी किसी भी आपदा के समय मानवजीत में कार्य करती है रैड क्रॉस सोसायटी के कार्य करने हेतु अहम होता है कि समाजहित में सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक संस्थाओं तथा युवा स्वयं सेवकों से कार्य करे। उन्होंने बताया कि रैड की मानवहितकारी गतिविधियों को जन जन तक पहुंचाने हेतु जल्द ही कर्मठ स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किया जाएगा और उनकी सेवाओं लेकर अंतिम छोर तक रैड क्रॉस की गतिविधियों को पहुंचाया जाएगा। सचिव महेश गुप्ता ने इस समारोह की अधिकता करते हुए बताया कि शिविर में जिले के विभिन्न कॉलेज पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, तावडू, बिस्सर अकबरपुर एवं सालाहेडी के 105 छात्र एवं छात्राएं हिस्सा ने हिस्सा लिया। इस प्रशिक्षण में दिन प्रतिदिन जीवन रक्षा मुहिम से संबंधित विषयों मुख्यत स्वैच्छिक रक्तदान, सड़क सुरक्षा नियमों की पालना, सी पी आर तकनीकी की जानकारी, नशा छोड़ो बोतल तोड़ो परिवार जोड़ो, टी बी जागरूकता, एच आई वी एड्स जागरूकता, दहेज प्रथा, बल विवाह बंद करो अभियान, पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ आदि विषयों पर जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने सभी प्रतिभागियों को बेसिक फर्स्ट एड, सी पी आर तकनीकी, बेहोश को होश में लाना, हर्ट अटैक के दौरान पीड़ित को ट्रांसपोर्ट करने की तकनीकी बारे जागरूक किया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर के रक्तदाताओं को रक्तदाता बेज एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर के सफल आयोजन में कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ गीतिका, डॉ संजय कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर प्रीति, आदिती भोला, तेजपाल सिंह, अजहरुद्दीन, शमीम अहमद, रैड क्रॉस आजीवन सदस्य मीणा कुमारी, दिनेश नागपाल, नरेश कुमार, नितिन कुमार, अक्षय कुमार का काफी योगदान रहा।

## बांगला लेखक राधरमण मित्र का स्वतंत्रता आंदोलन में रहा बड़ा योगदान

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** गांधीवादी समर्थक बांगला लेखक राधारमण मित्र को उनकी जयंती पर याद करते हुए शिक्षाविदों ने कहा कि उनका जन्म 23 फरवरी 1897 को पश्चिम बंगाल में हुआ था। कलकत्ता विश्वविद्यालय में एमए की पढ़ाई के दौरान राधारमण मित्र असहयोग आंदोलन में शामिल हो गए। वह गांधीवाद के समर्थन में लोगों को संगठित करने के लिए अपने मित्र एक अन्य क्रांतिकारी बंकिम मुखर्जी के साथ इटावा गए। वर्ष 1921 में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और एक साल के लिए उन्हें नैनी जेल में भेज दिया गया। रिहाई के बाद राधारमण मित्र व्यक्तिगत रूप से साबरमती आश्रम में महात्मा गांधी से मिले और उनके साथ लगातार तीन साल काम किया। वर्ष 1927 में उन्होंने कोलकाता कॉर्पोरेशन टीचर्स एसोसिएशन की स्थापना की। उन्होंने ट्रेड यूनियन आंदोलनों में भाग लिया, पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिक संगठन का निर्माण किया। पुलिस ने मेरठ षडयंत्र मामले में राधारमण मित्र को फिर से गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश से उन्हें रिहा कर दिया गया। वर्ष 1943-1944 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल हो गए। अपने मार्क्सवादी बौद्धिकता, साहित्यिक कार्यों और कलकत्ता महानगर के इतिहास के बारे में विशाल ज्ञान के लिए लोकप्रिय थे। भारत सोवियत सुह्दि समिति के सदस्य भी रहे। उन्होंने कई कृतियों की रचना भी की। बांगला भाषा के उत्थान के लिए भी कार्य किया। उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। 7 फरवरी 1992 को उनका निधन हो गया।

## डा. अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने वालों को प्रशासन करे गिरफ्तार, अन्य करेंगे आंदोलन: तंवर



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** जिले के गांव काकरौला में बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को किसी असामाजिक तत्व द्वारा खंडित करने की घटना से समाज के लोगों में रोष देखने को मिल रहा है। हालांकि समाज के लोगों की शिकायत पर खेडक़ीदौला थाना पुलिस ने विभिन्न आपराधिक धाराओं में मामला दर्ज कर जांच भी शुरु कर दी है। डा. अंबेडकर से जुड़ी संस्थाओं ने भी जिला प्रशासन से इस घटना की जांच करने की मांग की है। भीमसेना प्रमुख सतपाल तंवर का कहना है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी क्षेत्र में हो चुकी हैं। उन्होंने सरकार व जिला प्रशासन से आग्रह किया कि मामले की पूरी जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें सजा दिलाएं, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृति न हो सके। उनका कहना है कि उन्होंने प्रशासन को 2 दिन का समय दिया है कि वे आरोपियों को गिरफ्तार करें, अन्यथा भीमसेना आंदोलन शुरु कर देगी। उन्होंने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बाबा साहेब डा. अंबेडकर की लगी प्रतिमा स्थलों का सुरक्षा घेरा बनाए जाने की मांग भी की है।

## क्रिप्टो करंसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय टीम ने मारा छापा, चल रही पूछताछ



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चरखी दादरी।** हरियाणा के चरखी दादरी के गांव जीतपुरा निवासी प्रदीप के घर रविवार को क्रिप्टो करंसी मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड हुई है। ईडी की टीम ने छापेमारी कर परिजनों से प्रदीप के बारे में जानकारी ली। चंडीगढ़ से सहायक निदेशक अभय सिंह के नेतृत्व में आठ सदस्य टीम प्रदीप के घर पहुंची है। टीम प्रदीप के परिजनों से पूछताछ कर रही है। बता दें कि दोपहर 12:05 मिनट पर दो गाड़ियां प्रदीप के घर पहुंची और यहां पर टीम ने सीआरपीएफजवानों के साथ पूछताछ की। प्रदीप गुरुग्राम में शेयर मार्केट का कार्य करता है जबकि उसके पिता ओमबीर एलआईसी एजेंट हैं। जानकारी के अनुसार क्रिप्टो करंसी मामले में प्रदीप के घर टीम जांच के लिए पहुंची है। घर के बार सीआरपीएफके जवानों को तैनात किया गया है। अभी तक टीम घर में जांच कर रही है।

## दिल्ली चुनाव में हार के बाद निकाय चुनाव में आप की राह आसान नहीं, उतारे सिर्फनौ उम्मीदवार

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**चंडीगढ़।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार के बाद निकाय चुनाव में पार्टी की राह आसान नहीं होने वाली। आम आदमी पार्टी हरियाणा के निकाय चुनाव में भी अपनी किस्मत आजमा रही है। हालांकि निकाय चुनाव की पहली परीक्षा में ही पार्टी को उम्मीद के मुताबिक परिणाम नहीं मिले हैं। राज्य में 41 निकायों में चुनाव हो रहे हैं। इनमें नगर निगम के दस मेयर पद के लिए चुनाव हो रहे हैं, मगर पार्टी ने सोनीपत, रोहतक और फरीदाबाद में ही उम्मीदवार उतारे हैं। बाकी निगमों में पार्टी को उपयुक्त उम्मीदवार नहीं मिले। वहीं, पांच नगर परिषद में सिर्फसिरसा और 26 नगर पालिका में से पांच जगह पार्टी चुनाव लड़ रही है। इसके अलावा फरीदाबाद, पानीपत, यमुनानगर, करनाल, रोहतक निगम में पार्षद के लिए उम्मीदवार उतारे हैं। हरियाणा आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल का गृह क्षेत्र माना जाता है। पिछले एक दशक से पार्टी हरियाणा में अपने पैर जमाने की कोशिश में जुटी हुई है। मगर पार्टी को सफलता नहीं मिल पा रही। विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 90 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे। मगर पार्टी को एक भी सीट पर जीत नसीब नहीं हुई। सभी निकायों में उम्मीदवार नहीं उतारे जाने के सवाल पर आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सुशील गुप्ता का कहना है कि यह निर्णय उन्होंने स्थानीय जिला यूनिट पर छोड़ा हुआ है। पार्टी के बहुत से पदाधिकारी निकाय चुनाव में आजाद उम्मीदवार के समर्थन के पक्ष में थे। इसलिए पार्टी ने उन जगहों पर उम्मीदवार नहीं उतारे हैं। पानीपत निगम चुनाव में अभी समय है, इसलिए पार्टी विचार कर यहां पर उम्मीदवार उतारेगी।

**अकेले गुप्ता ने संभाला मोर्चा, बाकी नेता गायब**


निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने अकेले ही मोर्चा संभाल रखा है। वह ही प्रेस कांफ्रेंस कर रहे हैं और चुनाव प्रचार भी। पार्टी के नेता अनुराग ढांडा भी दिल्ली चुनाव के बाद हरियाणा में सक्रिय नहीं हैं। वह भी अभी तक किसी निकाय में पार्टी के प्रचार के लिए नहीं पहुंचे हैं। जबकि जिस विधानसभा क्षेत्र कलायत से उन्होंने चुनाव लड़ा था, वहां भी चुनाव हो रहे हैं और पार्टी ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। गुप्ता ने कहते हैं कि निकाय चुनाव में प्रचार के लिए वह दिल्ली व पंजाब के नेताओं से अनुरोध करेंगे। ढांडा के सक्रिय नहीं होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह आते हैं तो उनका स्वागत है।

# विकास को गति देने के लिए नीति आयोग ने जिला को किया 3 करोड रुपए से सम्मानित

**समावेशी विकास और बेहतर सेवा वितरण को बढ़ावा देना है आकांक्षी जिला कार्यक्रम की प्रतिबद्धता: उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा**

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नूंह जिला अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आवश्यक सेवाओं तक पहुँच बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत अपनी प्रतिबद्धता के लिए पहचाने जाने वाले नूंह को महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए नीति आयोग ने 3 करोड़ रुपए से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि इस निधि का उपयोग बुनियादी ढाँचे की कमियों को पाटने, सेवा दक्षता




बढ़ाने और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा, जिससे नूंह की प्रगति और दीर्घकालिक विकास के प्रति प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। ये पहल एक मजबूत जिले की नींव रखेगी। विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला आंगनवाड़ी केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य बुनियादी ढाँचे को उन्नत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक नागरिक, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा, पोषण और आवश्यक सुविधाएँ मिल सकें। इन हस्तक्षेपों का उद्देश्य जमीनी स्तर पर समावेशी विकास और बेहतर सेवा वितरण को बढ़ावा देना है। नीति आयोग ने आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के चालक के रूप में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए जिले की प्रतिबद्धता की सराहना की है, जिससे यह प्रगति की ओर यात्रा में एक देखने योग्य जिला बन गया है।

## साहित्य के साथ-साथ फिल्म जगत में भी रहा अमृतलाल नागर का विशेष योगदान: डा. अग्रवाल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** साहित्य के क्षेत्र में साहित्यकार अमृतलाल नागर का विशेष योगदान रहा। उन्होंने नाटक, रेडियोनाटक, रिपोर्ताज, निबन्ध, संस्मरण, अनुवाद, बाल साहित्य आदि के क्षेत्र में भी अपना योगदान दिया है। उन्हें साहित्य जगत में उपन्यासकार व हास्य-व्यंग्य लेखन के लिए जाना जाता है। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए बाल साहित्यकार डा. घमंडीलाल अग्रवाल ने कहा कि उनका जन्म 17 अगस्त 1916 को उत्तरप्रदेश के आगरा में हुआ था। शिक्षा ग्रहण कर उन्होंने साहित्य, इतिहास, पुराण, पुरातत्व, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान आदि विषयों तथा हिन्दी, गुजराती, मराठी, बांग्ला एवं अंग्रेज़ी आदि भाषाओं पर अच्छी पकड़ बना ली थी। डा. अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने हास्य रस की पत्रिका चकल्लस का संपादन भी किया था और मुम्बई एवं मद्रास के फ़िल्म क्षेत्र में लेखन का कार्य किया था। आकाशवाणी में ड्रामा, प्रोड्यूसर के रुप में भी अपनी सेवाएं दी थी। डा. अग्रवाल का कहना है कि उन्होंने मेघराज इंद्र के नाम से कई कविताएं लिखी। बूँद और समुद्र उनका प्रसिद्ध उपन्यास रहा है, जिसके लिए उन्हें काशी नागरी प्रचारिणी सभा का बटुक प्रसाद पुरस्कार एवं सुधाकर रजत पदक, सुहाग के नूपुर पर उत्तर प्रदेश शासन का प्रेमचन्द पुरस्कार, अमृत और विष पर साहित्य अकादमी का 1967 का पुरस्कार एवं सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार 1970 तथा साहित्यिक सेवाओं पर युगान्तर का 1972 का पुरस्कार प्रदान किया जा चुका है। 23 फ़रवरी, 1990 को उनका निधन हो गया था। डा. अग्रवाल ने साहित्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं से आग्रह किया कि वे अमृत लाल नागर के जीवन से प्रेरणा लेकर साहित्य के क्षेत्र में काम करें।

## फिल्म अभिनेत्री मधुबाला का बचपन से ही फिल्म जगत के प्रति रहा बड़ा रुझान: राज चौहान

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** फिल्म जगत में कई अभिनेत्रियों व अभिनेताओं का योगदान रहा है। उन्होंने कई ऐसी फिल्में फिल्म जगत को दी हैं, जिन्हें उनके अभिनय के कारण सदैव याद किया जाएगा। फिल्म अभिनेत्री मधुबाला का भी फिल्म जगत में बड़ा योगदान रहा है। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए गुडग़ांव के फिल्म अभिनेता राज चौहान ने कहा कि उनका जन्म 14 फरवरी 1933 को दिल्ली में हुआ था। उनके जन्म के कुछ समय बाद उनका परिवार दिल्ली से मुंबई आ गया था। उनका बचपन से ही फिल्म जगत के प्रति रुझान था। बाल कलाकार के रुप में भी उन्होंने फिल्मों में काम किया। वह हृदय की बीमारी से ग्रसित थी, लेकिन उन्होंने फिर भी फिल्म जगत को कई सफल फिल्में दी हैं, जिनमें मुगल ए आजम, हावडा ब्रिज, काला पानी, चलती का नाम गाड़ी प्रमुख हैं। कहा जाता है कि जब मुगल ए आजम प्रदर्शित हुई तो फिल्म में मधुबाला के अभिनय को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। हालांकि इस फिल्म के लिए मधुबाला को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरुस्कार नहीं मिला, जिसकी वह हकदार थी। राज चौहान का कहना है कि अपना उपचार कराने के लिए लंदन जाने से पूर्व उन्होनें फिल्म अभिनेता व गायक किशोर कुमार के साथ शादी भी कर ली थी। हालांकि इसी दौरान उनकी पासपोर्ट, झुमरु, हाफटिकट, शराबी आदि भी प्रदर्शित हुई थी। अपनी दिलकश अदाओं से लगभग 2 दशक तक सिने प्रेमियों को मदहोश करने वाली महान अभिनेत्री मधुबाला ने मुम्बई में 23 फ़रवरी 1969 को इस दुनिया से अलविदा कह दिया।

# हरिओम महाराज ने नल्हेश्वर मंदिर में किया जलाभिषेक

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह।** जगत गुरू त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट पुज्य श्री श्री 1008 हरिओम जी महाराज ने नल्हेश्वर मंदिर (नूंह) पहुंचकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों ने उनको इस ऐतिहासिक मंदिर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस समय प्रयागराज में महाकुम्भ चल रहा हैं तथा 144 वर्ष में आयोजित इस महाकुम्भ में जो भक्त जाकर स्नान नहीं कर पाए उनके लिए वह प्रयागराज महाकुम्भ में जा रहे हैं तथा हजारों लीटर त्रिवेणी का अमृत तुल्य जल लाकर 27 फरवरी को कुरूक्षेत्र स्थित ब्रहमसरोवर के पवित्र जल में डालकर मंत्रोच्चारण के बीच स्नान



किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मानव रक्षा हेतु देश में अधिक से अधिक यज्ञ करने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही हैं जो 9 मार्च को समापन होगी। उनका लक्ष्य भारत देश में अधिक से अधिक यज्ञ को बढ़ावा देना व प्राकृतिक को शुद्ध करना हैं क्योकि हर धर्म व वैज्ञानिकों ने भी माना है कि वायु काफी दूषित हो रही है तथा जल्द ही इसके बुरे परिणाम सामने आने वाले हैं सबसे अधिक प्रदुषित शहर दिल्ली एनसीआर के हैं, केवल वायु को शुद्ध करके ही इससे निपट सकते है। अब तक 23 प्रदेशों में उनकी यात्रा पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि जन कल्याण हेतु 102वां विशाल 1008 कुण्डलीय शिव शक्ति महायज्ञ 18 से 27 मार्च को केशव पार्क, ब्रहमसरोवर कुरूक्षेत्र में भी करने जा रहे हैं। वहीं नूंह के नल्हेश्वर मंदिर में जलाभिषेक के बाद मुक्तिधाम पुन्हाना में 11 कुण्डलीय यज्ञ कराए ताकि शुद्ध वातावरण रहे एवं दिव्य महाआरती का आयोजन कर यज्ञ की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने जानकारी दी कि वह सनातन धर्म का प्रसार करने के मकसद से भी पूरे देश में यात्रा कर रहे हैं। इस अवसर पर समाजसेवी जीएस मलिक, हेमराज शर्मा दिहाना, सुनील भारद्वाज, अमित जाजूका, नरेन्द्र कुमार, ब्रहम शर्मा, मनोज एडवोकेट, सुभाष गोला, सुरेन्द्र जैन, बंटी मनोचा,राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# मकान से नकदी व जेवरात चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार।

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**रेवाड़ी।** डहिना चौकी पुलिस ने मकान में नकदी व जेवरात चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव डहिना निवासी अजय उर्फबाबा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 01 जोड़ी सोने टॉपस, 01 जोड़ी सोने के कुंडल, 3 जोड़ी चांदी की पाजेब, 7 जोड़ी चांदी के कडुले, 10 जोड़ी चुटकी चांदी की, 1 अंगूठी चांदी, 1 छल्ला चांदी, 2 चेंज चांदी, 1 ब्रेसलेट चांदी, 1 जोड़ी चांदी की चाँद पातड़ी, 6 चांदी के सिक्के, 4 चांदी के ताबीज बरामद किए है। जांचकर्ता ने बताया की गांव डहिना निवासी मनोज कुमार ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 18 फरवरी को उसके भतीजे की शादी थी। परिवार के सदस्य बारात में मेरठ गए हुए थे। महिलाएं मकान के साथ प्लॉट में संगीत कार्यक्रम में हिस्सा ले रही थीं। संगीत कार्यक्रम से उसकी बहन ओमवती जब उसके



मकान में करीब सवा 10 बजे पहुंची, तो एक व्यक्ति मकान की अलमारी में चोरी करता हुआ दिखाई दिया। जो ओमवती को देखकर वहा से भाग गया। जो नाम पता नामालूम चोर उनकी अलमारी से नकदी व जेवरात चोरी करके ले गया है। जिस पर पुलिस ने थाना खोल में चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। जो जांच के बाद पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी गांव डहीना निवासी अजय उर्फबाबा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## विहिप के दिनेश चंद भी सत्संग में हुए शामिल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतर्राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश चंद ने सनातन जागृति सत्संग में पहुंचकर सुधांशु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति को जागृत करने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन बहुत जरुरी है। विश्व जागृति मिशन इसके लिए बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि देश के जाने-माने आद्यात्मिक गुरु और विश्व जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज ने सत्संग में कहा है कि भगवान श्रीराम को याद करते हैं तो उनके पीछे उनके गुरु ऋषि वशिष्ठ याद आते हैं। गुरु चरणों में बैठने से जीवन सफल होगा। जीवन में भक्ति की क्रांति जागृत होती है तो जीवन ही बदल जाता है। उन्होंने सत्संग में आए लोगों से आग्रह किया कि संतों के विचारों पर अमल करते हुए उन्हें अपने जीवन में उतारें, तभी देश व समाज का कल्याण संभव है। अपने बच्चों को सुसंस्कार दें, ताकि वे सुसंस्कृत होकर देश के सभ्य नागरिक बन सकें।

# 11 कुण्डीय यज्ञ का हुआ आयोजन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** धार्मिक संस्था विश्व जागृति मिशन गुरुग्राम मण्डल द्वारा आयोजित सनातन संस्कृति जागृति के चतुर्थ दिवस के प्रातरूकालीन सत्र में रविवार को संस्था के धर्माचार्य हरीश उपाध्याय के निर्देशन में 11 कुण्डीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें जागृति मिशन के संस्थापक सुधांशु महाराज ने भी आहूति देकर ईश्वर से विश्व शांति की कामना की। महाराजश्री ने कहा कि ध्यान एवं जप-तप करने से जीवन में रूपांतरण निश्चित होता है। मंदिर में भी जाते हैं तब मन ही मन भगवान का नाम स्मरण करते जाएं और मंदिर से घर जाएं तब भी मन में भगवान का नाम लेते रहें ताकि मंदिर



की पवित्रता घर परिवार को मिले। जिनका जीवन धर्ममय हो जाता है उनके ऊपर सदैव ईश्वर की कृपा होती है। परिवार प्रेम से पनपते हैं और प्रेम से ही भक्ति बनती है। उन्होंने कहा कि भक्ति के जल से खुद को रोज स्नान करने से परमात्मा की कृपा प्राप्त होती है। अपनी कमाई में से कुछ न कुछ परमात्मा के श्रीचरणों में अर्पित करने से भगवान उस घर परिवार को रक्षा कवच से बांधकर हर कठिनाइयों से बचाते हैं। इस आयोजन में समाजसेविका ललिता गाबा, राजकपूर, गुलशन, राजकुमार अरोड़ा, अमृतलाल शर्मा अपनी जीवनसंगनियों के साथ शामिल हुए और महाराज श्री से आशीर्वाद लिया। यज्ञ में अंतरराष्ट्रीय महर्षि वेदव्यास गुरुकुल विद्यापीठ के ऋषि कुमार भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और उन्होंने यज्ञ संपन्न कराया। इस अवसर पर मंडल प्रधान एनपी चंडोक, कार्यकारिणी के प्रधान सुभाष ग्रोवर व उनके सहयोग भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

# बावल गारमेंट्स की दुकान में चोरी के मामले में 5वां आरोपी गिरफ्तार।

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**रेवाड़ी।** बावल थाना पुलिस ने बावल रेलवे रोड स्थित एक गारमेंट्स की दुकान में चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला झज्जर के गांव हमायुपुर निवासी कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। जांचकर्ता ने बताया कि गत 17 फरवरी को मोहल्ला कानुगा बावल निवासी लोकेश ने अपनी शिकायत में बताया था की उसकी बावल में रेलवे रोड स्थित एक गारमेंट्स की दुकान है। गत 16/17



फरवरी की रात्री में कोई नाम पता नामालूम व्यक्ति उसकी दुकान का ताला तोड़ कर दुकान से नकदी, जूते, कपड़े व अन्य गारमेंट्स का सामान चोरी करके ले गए है। जिस पर पुलिस ने थाना बावल में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त चार आरोपी मोनू, राहुल, अजय उर्फमच्छर व नरेश उर्फनरसु को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दुकान से चोरी किया गया सभी सामान व वारदात में प्रयोग की गई एक चोरी की बाइक को भी बरामद कर लिया था। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी नरेश उर्फनरसु ने बताया था की वारदात में प्रयोग की गई चोरी की बाइक उसने जिला झज्जर के गांव हमायुपुर निवासी कृष्ण कुमार से 5 हजार रुपए में खरीदी थी। जो इस मामले में पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी कृष्ण कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# रेवाड़ी शहर को स्वच्छ एवं साफसुथरा बनाए जाने की मुहीम में तत्परता से जुटे रेवाड़ी विधायक

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**रेवाड़ी।** विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की अगुवाई में शनिवार को शहर के वार्ड संख्या 12 के उत्तम नगर में मेगा सफाई अभियान चलाया गया। करीब दो घंटे चले इस सफाई अभियान के दौरान विधायक ने स्वयं हाथों में झाड़ू लेकर सफाई की तथा स्थानीय लोगों से खाली पड़े प्लाटों में कचरा नहीं फेंककर निर्धारित स्थान तथा नगर परिषद के वाहन में डालने की अपील की। भाजपा नेता सज्जन यादव तथा भाजयुमो जिलाध्यक्ष निखिल मांढैया ने रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के वार्ड में पहुंचने फूलमालाओं तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत किया। इस दौरान काफी संख्या में युवाओं की टीम ने सफाई अभियान में हिस्सा लिया। आई लव रेवाड़ी की थीम पर हाथों में झाड़ू उठाकर सफाई अभियान चलाने के उपरांत विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि रेवाड़ी को स्वच्छ बनाने की उनकी मुहीम अपने सार्थक अंजाम तक पहुंचने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उनके इस अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति की मानसिकता में जमी गंदगी को साफकरना है तथा सफाई के लिए जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी की बदहाली के लिए जिम्मेवार रहे लोगों को उनका यह अभियान फूटी आंख नहीं सुहा रहा है। उन



पर कई तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक विरोधियों से कहा कि वह भी अगर इस मुहीम में शामिल हो जाएंगे तो रेवाड़ी की कायापलट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि रेवाड़ी की जनता ने एक बड़े बदलाव के लिए उन्हें चुनकर चंडीगढ़ भेजा है और वे लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज रेवाड़ी बदलाव की डगर पर है। आने वाले समय में एक नई रेवाड़ी हम सभी को दिखाई देगी। इस अवसर पर रेवाड़ी को स्वच्छ बनाने संबंधी शपथ दिलाई गई तथा सफाई योद्धाओं को सम्मानित भी किया गया।

# सभी जनरल ऑब्जर्वर व जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में निकाय चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियों की द्वितीय रेंडमाइजेशन संपन्न

- पोलिंग पार्टियों के निकाय क्षेत्र चिन्हित, 25 फरवरी को संबंधित निकाय क्षेत्र में दिया जाएगा प्रशिक्षण

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** निकाय चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के निर्देशानुसार पोलिंग पार्टियों की द्वितीय रेंडमाइजेशन प्रक्रिया रविवार को संपन्न हुई। लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में इस प्रक्रिया के दौरान गुरुग्राम नगर निगम के जनरल ऑब्जर्वर शेखर विद्यार्थी व मानेसर नगर निगम के जनरल ऑब्जर्वर मनीराम शर्मा (वीसी से कनेक्ट रहे), जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अजय कुमार, एडीसी हितेश कुमार मीणा, नगर पालिका फर्रुखनगर, नगर परिषद सोहना व पटौदी जाटौली मंडी के जनरल ऑब्जर्वर सुरेंद्र सिंह व सभी निकाय के आरओ व एआरओ भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि 2 मार्च को होने वाले निकाय चुनाव के लिए गुरुग्राम में 905, नगर निगम मानेसर में 96, नगर पालिका फर्रुखनगर में 16, नगर परिषद पटौदी जाटौली मंडी में 45 व नगर परिषद सोहना में कुल 47 पोलिंग स्टेशन स्थापित होंगे। आज की गई रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत सभी 1109 पोलिंग पार्टियों के निकाय क्षेत्र चिन्हित कर लिए गए हैं। इसमें 1109 पोलिंग पार्टी के अतिरिक्त 30 प्रतिशत पोलिंग पार्टियों को रिजर्व रखा गया है। उन्होंने बताया कि राज्य चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के जरिये रेंडमाइजेशन की गई है। सभी पोलिंग पार्टियों को संबंधित निकाय क्षेत्र में 25 फरवरी को चुनावी ड्यूटी से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के शेड्यूल के अनुसार तीसरे चरण का रेंडमाइजेशन प्रक्रिया 28 फरवरी को की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोलिंग पार्टियों की रेंडमाइजेशन को सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है जो चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी हुई है।




# प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक अधिवक्ताओं की एकता, स्वायत्तता के है विरुद्धः संतोख सिंह

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी संतोख सिंह का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक 2025 अधिवक्ताओं की एकता, स्वायत्तता और गरिमा के विरुद्ध है। विधेयक पूरी तरह से अन्यायपूर्ण, अनुचित और पक्षपातपूर्ण है। अधिवक्ताओं की एकता, अखंडता और गरिमा के बिल्कुल विरुद्ध है। प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक सीधे तौर पर देश की सभी जिला, खंड एवं तहसील स्तर पर बार एसोसिएशनों, सभी राज्यों की बार काउंसिल एवं बार काउंसिल ऑफ़ इंडिया की स्वायत्तता को प्रभावित करेगा। उनका कहना है कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के लिए आवाज़ उठाने का अधिकार है। धरना-प्रदर्शन और हड़ताल करने का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन केंद्र सरकार के प्रस्तावित विधेयक के माध्यम से अधिवक्ताओं के अधिकारों पर अंकुश लगाना चाहती है, उनकी आवाज़ को दबाना चाहती है। उनका कहना है कि 13 फरवरी को अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक को विधि मामलों के विभाग की वेबसाइट पर सार्वजनिक परामर्श के लिए उपलब्ध कराया गया था। अधिवक्ता संशोधन विधेयक के अनुसार न्यायालयों के कार्य का बहिष्कार या उससे विरत रहने पर प्रतिबन्ध। अधिवक्ताओं का कोई भी संघ या संघ का कोई भी सदस्य या कोई भी अधिवक्ता, व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से, न्यायालयों के कार्य का बहिष्कार या विरत रहने का आह्वान नहीं करेगा या न्यायालयों के कार्य का बहिष्कार या विरत रहने या न्यायालय के कार्य में या न्यायालय परिसर में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करेगा। उल्लंघन कदाचार माना जाएगा और अधिनियम तथा विनियमों के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि अधिवक्ता संशोधन विधेयक को तुरंत प्रभाव से वापिस लिया जाए अन्यथा अधिवक्ता एकजुट होकर आंदोलन करेंगे।

# सरदार अजीत सिंह को अंग्रेजों ने कर दिया था राजनीतिक विद्रोही घोषित

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों व क्रांतिकारियों का बड़ा योगदान रहा है। शहीद ए आजम भगत सिंह के चाचा सरदार अजीत सिंह का देश की आजादी की लड़ाई में बड़ा योगदान रहा। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती देते हुए औपनिवेशिक शासन की आलोचना की थी, जिसके चलते उन्हें अंग्रेजों ने राजनीतिक विद्रोही घोषित कर दिया था। उनका अधिकांश जीवन जेल में बीता। उनकी जयंती पर उन्हें याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका जन्म 23 फरवरी 1881 को पंजाब में हुआ था। लाला लाजपत राय के साथ ही साथ उन्हें भी देश निकाले का दण्ड अंग्रेजों ने दिया गया था। 28 वर्ष की आयु में वह अपना घर छोडक़र देश सेवा के लिए विदेश यात्रा पर निकल गए थे। उन्होंने तुर्की, जर्मनी, ब्राजील, स्विट्जरलैंड, इटली, जापान आदि देशों में रहकर भारत को आजाद कराने के लिए क्रांति का बीज बोया था और आजाद हिन्द फौज की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने ही नेताजी को हिटलर और मुसोलिनी से मिलवाया था। वक्ताओं ने कहा कि सरदार अजीत सिंह को दर्जनों भाषाओं का ज्ञान था। उन्होंने आजाद हिन्द रेडियो के माध्यम से क्रांति का प्रचार प्रसार किया था। भारत के विभाजन के समय वह स्वदेश लौट आए थे। वह भारत विभाजन से इतने व्यथित थे कि 15 अगस्त अगस्त 1947 के प्रातः 4 बजे उन्होंने उसके पूरे परिवार को जगाया और जय हिन्द कह कर दुनिया से विदा ले ली।

# गुरुग्राम में प्रचंड बहुमत के साथ बनेगी ट्रिपल इंजन की सरकारः नायब सैनी

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में भाजपा मेयर प्रत्याशी राजरानी मल्होत्रा के पक्ष में किया रोड शो
- रोड शो में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जगह-जगह भव्य स्वागत, लोगों ने बरसाए फूल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा मेयर प्रत्याशी राजरानी मल्होत्रा के पक्ष में रोड शो किया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा का माहौल मजबूत है और पूरे प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है। रविवार को मुख्यमंत्री का रोड शो कालोनी मोड से शुरू हुआ और सदर बाजार डाकखाना चौक होते हुए बस स्टैंड पर पहुंचा। रोड शो में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक मुकेश शर्मा, मेयर प्रत्याशी राजरानी मल्होत्रा, जिला अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़,अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन सहित सभी भाजपा प्रत्याशी मौजूद रहे। रोड शो में भारी संख्या में पहुंचे लोगों ने मोदी जिंदाबाद,नायब सैनी जिंदाबाद और भारत माता की जय के जयकारे लगाए। लोगों ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जगह-जगह भव्य स्वागत किया और फूल बरसाए। रोड शो में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया और 2 मार्च को कमल के फूल के निशान पर वोट देने की अपील की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत होगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम के सभी वार्डों में कमल का फूल खिलेगा और गुरुग्राम का तीन गुणा गति से विकास होगा। सीएम सैनी ने रोड शो में जनता-जनार्दन से मिले प्यार और आशीर्वाद का आभार जताया और कहा कि भाजपा के प्रत्याशियों को विजयी बनाएं,शहर का चहुंमुखी विकास कराना मेरी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निकाय का चुनाव कोई साधारण चुनाव नहीं है, यह चुनाव शहर की तरक्की और लोगों की खुशहाली का चुनाव है। सीएम सैनी ने कहा कि प्रदेश भर में मिल रहे अपार जनसमर्थन ने स्पष्ट कर दिया है कि 2 मार्च को लोग एकजुट होकर कमल के फूल के निशान पर वोट करेंगे और ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की नॉन स्टॉप सरकार और क्षेत्र की ट्रिपल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निकाय चुनाव प्रदेश को और अधिक मजबूत बनाने का चुनाव है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप लोग एकजुट होकर कमल खिलाएं,आपके क्षेत्र का विकास और तरक्की की जिम्मेदारी मेरी होगी।





# महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती पर सुश्री नीलम सहायक जिला न्यायवादी सम्मानित।

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**कुरुक्षेत्र।** महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती के उपलक्ष में सुश्री नीलम (सहायक जिला न्यायवादी) हांसी कोर्ट जिला हिसार को श्कानून संरक्षिका अवार्डश् से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रीय संत सुरक्षा परिषद में संत प्रकोष्ठ हरियाणा के अध्यक्ष वैद्य पण्डित प्रमोद कौशिक व साध्वी प्रकोष्ठ की अध्यक्षा महंत सर्वेश्वरी गिरि द्वारा श्री गोविंदानंद आश्रम पेहवा (कुरुक्षेत्र) में प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई 2024 से लागू किए तीन नए अपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम,भारतीय साक्ष्य अधिनियम ) पर गांव दर गांव जाकर स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों व शहर के विभिन्न वार्डों में आम जनता को जागरुक करने पर प्रदान किया गया। सहायक जिला न्यायवादी ने शहर हांसी व विभिन्न गांवों के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों तथा गांवों की पंचायतों में जागरूकता अभियान चलाया। जिससे लोगों को नए कानूनों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। इसके साथ-साथ ही उन्होंने हांसी बार एसोसिएशन में एनसीआरबी संकलन ऑफन्यू क्रिमिनल लॉज का जो ऐप है उसके बेनिफिट के बारे में भी जागरूक किया। जिसमें हांसी की बार एसोसिएशन में 650 में से 580 वकीलों ने इस ऐप को डाउनलोड भी किया। यह सब सुश्री नीलम की कड़ी मेहनत से ही संभव हो पाया है। इन्हें प्रशस्ति पत्र प्राप्त होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है तथा संत समाज के सम्मानित जनों ने इन्हें बधाई प्रेषित की है।



# आर्य समाज की स्थापना कर समाज को सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया महर्षि दयानंद नेः पटेल

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** आर्य समाज के संस्थापक व समाजसुधारक महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर सामाजिक संस्था डा. राजेंद्रा प्रसाद फाउण्डेशन द्वारा सूरत नगर क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था से जुड़े सदस्यों ने महर्षि दयानंद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। संस्था के अध्यक्ष राजेश पटेल का कहना है कि महर्षि दयानंद सरस्वती आधुनिक भारत के महान चिन्तक, राष्ट्रभक्त थे। उनका देश की आजादी में महान योगदान रहा। समाज फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए आवाज उठाई। उन्होंने विदेशी शासन को हर तरह से अस्वीकार किया। उन्होंने अंग्रेजी हुकुमत का कड़ा विरोध किया और देश की आर्याभाषा अर्थात हिन्दी के प्रति जागरूक बनाया। पटेल ने कहा कि स्वामी जी ने अपनी रचनाओं व उपदेशों के माध्यम से भारतीय जनमानस को मानसिक दासत्व से मुक्त कराने का काम किया। समाज मे बाल विवाह जैसी कुरीतियों का खुले शब्दों मे विरोध के साथ विधवा विवाह के समर्थक रहे। उनके प्रयास से हिंदी के अतिरिक्त संस्कृत भाषा को भी समाज मे विशेष स्थान प्राप्त हुआ। आर्य समाज की स्थापना कर समाज को सत्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में चंदन कुमार, रितेश कुमार, मोनू पांडे, योगेश, कुमार, संतोश, नानक चंद, धर्मबीर, पीयूष, प्रखर, कृष्ण, लाडली, स्नेहा, निशा, सलोनी आदि शामिल रहे।



# वेस्ट एकेडमी स्कूल पटौदी की एथलीट मीट संपन्न

- वेस्ट एकेडमी स्कूल पटौदी की एथलीट मीट में नन्हें मुन्ने खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया
- अनाया, कुश, मयंक, परीक्षित, दर्श, भव्या व मेनपाल ने बाजी मारी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**पटौदी, (सैनी)।** वैस्ट एकैडमी स्कूल पटौदी की प्राइमरी विंग की एनुअल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट में नन्हें मुन्ने बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। रविवार को स्कूल के चेयरमैन बाल शिशु रोग विशेषज्ञ डा. नरेंद्र यादव ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बाल कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्पोर्ट्स मीट में एलकेजी ए वर्ग में एक ही रंग की गेंद को पहचानें की प्रतियोगिता में साद प्रथम, फलक द्वितीय व नुवांश तृतीय। शंकु एकत्रित करने की दौड़ में मयंक प्रथम, सचिन द्वितीय व वीर तृतीय। एलकेजी बी वर्ग में डिस्क पर गेंद रखो प्रतियोगिता में परीक्षित पहले, लविश दूसरे व लवनीश तीसरे स्थान पर रहा। गेंद चिपकाओ और भागो प्रतियोगिता में दर्श प्रथम, मीरा द्वितीय व ध्रुवेण तृतीय। यूकेजी ए वर्ग में गेंद को बल्ले से खींचने की प्रतियोगिता में गुनिश्का ने प्रथम, लवीश द्वितीय व नियति ने तृतीय स्थान हासिल किया। यूकेजी ए वर्ग में गेंद को प्लेट में ही पकड़ने की प्रतियोगिता में भव्या प्रथम, जाश्वी द्वितीय व इनाया तृतीय। कदम दर कदम दौड़ में यूकेजी ए वर्ग में कुश प्रथम, अथर्व द्वितीय व लवप्रित तृतीय। यूकेजी बी वर्ग में शंकु पकड़ो और भागो में सारा प्रथम, दैविक द्वितीय व युवान तृतीय। गेंद को एक लाइन पर व्यवस्थित करने में मैनपाल प्रथम, दुष्यंत द्वितीय व वियान तृतीय। वर्णमाला एकत्र करें और चलाएं प्रतियोगिता में श्रेया प्रथम, कविश द्वितीय व कृष तृतीय। प्रथम कक्षा की टी शर्ट पहनो और दौड़ो रेस में ज़ोया, तनवी,हिमानी, पार्थ, मयंक व दिव्यांश ने बाजी मारी। कक्षा प्रथम की 50 मीटर दौड़ में नक्श प्रथम, वीर यादव द्वितीय, देवांश व मुदित तृतीय। कक्षा प्रथम बालिकाओं की 50 मीटर दौड़ में दृष्टि, अनाया, हिमानी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3 शंकु एकत्रित करने वाली लड़कों की दौड़ में देवेश, वीर, मयंक। कक्षा 3 शंकु एकत्रित करने वाली लड़कियों की दौड़ में धृति, वर्णिका व पूर्वी। कक्षा 3 बोरी दौड़ के लड़कों के वर्ग में पीयूष, मयंक, कनिष्क। कक्षा 3 बोरी दौड़ लड़कियों के वर्ग में प्रिंसी, दनिका, नितिका। बालकों की कक्षा दो की बाधा दौड़ में रेहान, हर्षित व देवांश। लड़कियों के वर्ग में लोवेन्या, कुमुद, सारा। लड़कों के वर्ग में हुला हूप रेस में रूद्र और जीयांश, रेहान और तनिष, भव्य सोनी और धवन। हूला हूप लड़कियों के वर्ग में लोवेन्या और कुमुद, दिविशा और काशू ,तन्वी और सारा। इस अवसर पर प्रिंसिपल बिजेंद्र सिंह यादव, रवींद्र सिंह यादव, सरोज यादव, प्रिंसिपल सुरीना यादव, नीलम यादव, नेहा, जया दूबे सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।



# संत निरंकारी मिशन के स्वयंसेवकों ने प्रौजेक्ट अमृत के तहत 6 जलाशयों पर चलाया सफाई अभियान



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** धार्मिक संस्था संत निरंकारी मिशन द्वारा संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन के प्रोजेक्ट अमृत परियोजना के तहत रविवार को जिले के 6 जलाशयों पर सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें संस्था से जुड़े अनुयायी बड़ी संख्या में शामिल हुए और निस्वार्थ भाव से अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। संस्था के प्रवक्ता ने बताया कि जिले के गांव झाड़सा का तालाब सेक्टर 47, गांव रामपुरा का तालाब सेक्टर 82 ए, गांव गाडौली खुर्द का तालाब सेक्टर 37 बी, बोहडा कलां के पास गांव चौनपुरा का आईटीआई तालाब, गांव साढ़राणा, गढ़ी हरसरू का तालाब एवं गांव दमदमा की झील में सफाई की गई। निरंकारी सेवादल के स्वयंसेवको ने सफाई के साथ-साथ कूड़ा भी नगर निगम की ट्रैक्टर-ट्रालियों द्वारा उठाया। उनका कहना है कि मिशन द्वारा जल संरक्षण एवं जल स्वच्छता की इस कल्याणकारी परियोजना के माध्यम से निश्चित ही यह प्रकृति संरक्षण हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का कहना है कि जीवन में जल का बहुत महत्व है और यह अमृत समान है। जल हमारे जीवन का मूल आधार है। मानव रूप में हमने ही इस अमूल्य धरोहर, प्रकृति को उसके मूल स्वरूप में रखते हुए इसकी स्वच्छता करनी है।

# सुंदर के नेतृत्व में मानेसर बनेगा सुंदर : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

- मानेसर में कमल खिलेंगे और कांग्रेस जीरो पर आउट हो जाएगी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी
- कांग्रेस के नेता ट्वीट मास्टर, एसी रूम में बैठकर कर देते हैं ट्वीट : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी
- मानेसर रैली में सीएम सैनी ने कहा – भाजपा प्रत्याशियों का जिताएं, मानेसर के विकास की गारंटी भाजपा की
- गुंडागर्दी करने वालों को पुलिस उसी की भाजपा में जवाब देगी : नायब सैनी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार देर सायं भाजपा मेयर प्रत्याशी सुंदर लाल यादव और सभी 20 वार्डों के प्रत्याशियों के समर्थन में मानेसर में रैली की। रैली में मुख्यमंत्री ने एक-एक वोट कमल के फूल के निशान पर देने की अपील की। उन्होंने कहा कि 12 मार्च को रिजल्ट आएगा और सुंदर लाल के नेतृत्व में 20 के 20 कमल खिलेंगे और कांग्रेस जीरो पर आउट हो जाएगी। सीएम सैनी ने कहा कि मेयर प्रत्याशी सुंदर लाल के नेतृत्व में मानेसर सुंदर बन जाएगा। रैली में श्री सैनी ने कांग्रेस को भी निशाने पर लेते हुए कांग्रेस के नेताओं को ट्वीट मास्टर कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को धरातल की कोई जानकारी नहीं है, बस ऐसी रूम में बैठकर ट्वीट कर देते हैं। जनसभा को कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, कैबिनेट मंत्री आरती राव, विधायक मुकेश शर्मा, विधायक बिमला चौधरी, पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव के अलावा सभी वार्डों के प्रत्याशी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरे प्रदेश में उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है इससे तय हो गया है कि 12 मार्च को प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है। सीएम सैनी ने लोगों का आभार जताते हुए कहा कि आप लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नॉन स्टॉप भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिना भेदभाव किए हर क्षेत्र में विकास कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आप लोग भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं बाकी मानेसर के विकास का काम मेरे उपर छोड़ दें। उन्होंने कहा कि मानेसर के विकास की आप लोगों को कोई चिंता नहीं करनी है। भाजपा की गारंटी है मानेसर के विकास के लिए कोई कोर- कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारी सरकार काम को गति देने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि मैं भी आपके ही परिवार का सदस्य हूं, इसलिए सभी वार्डों में कमल का फूल खिलाने का काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनते ही हमने किडनी के मरीजों के डायलसिस इलाज को फ्री किया। पट्टेदार किसानों और पंचायती जमीन पर मकान बनाने वाले लोगों को मालिकाना हक देने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि हमने संकल्प पत्र में किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने की गारंटी दी और आज हरियाणा किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने वाला पहला राज्य है। महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर, गरीबों को आयुष्मान कार्ड से निशुल्क इलाज की सुविधा देने का काम हमारी सरकार ने किया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि 7 मार्च को विधानसभा में बजट सैशन है और हम जल्द ही बजट का प्रावधान करके महिलाओं को 2100 रुपये की सहायता राशि देने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गारंटी देते हुए कहा कि आप लोग मेयर प्रत्याशी सुंदर लाल को कमल का फूल देकर भेजिए और यहां के पानी, स्वच्छता और विकास की गारंटी मेरी है। उन्होंने कहा कि मानेसर से मुझे भी बहुत लगाव है। यहां दुनिया से लोग रहने के लिए आते हैं और मानेसर विकास के मामले में पिछड़ा ना रहे इसकी योजना रचना हम बनाने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने गुंडागर्दी करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि गुंडागर्दी अब चलने वाली नहीं है। हमने पुलिस को पूरा अधिकार दिया हुआ है, अगर कोई व्यक्ति किसी को धमकाता है तो पुलिस उसी की भाषा में जवाब देगी। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि आप लोग ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएं और मानेसर को विकास की गति पर आगे बढ़ाने के भागीदार बनें।



# Samsung Galaxy S23 Series Renders Tip Multiple Colour Options, Galaxy S23 Ultra



Samsung's first Galaxy Unpacked event of this year is approaching and rumours about new Galaxy S23 series smartphones are coming in. In a recent update, several images showing off the Galaxy S23 handsets have surfaced online, offering a glimpse of their design. The upcoming lineup seems to share the design language of the Galaxy S22 series. Newly leaked renders suggest S Pen support for the Galaxy S23 Ultra. The vanilla Galaxy S23, Galaxy S23+ and Galaxy S23 Ultra are also tipped to come in at least four colour options. Tipster Evan Blass (@evleaks) tweeted alleged renders of Galaxy S23, S23+, and S23 Ultra without any watermarks. New high-resolution renders suggest four colourways for the upcoming smartphones. These could be called Phantom Black, Cotton Flower (Cream), Botanic Green, and Misty Lilac. They look almost similar to the design of their predecessors, Galaxy S22, Galaxy S22+, and Galaxy S22 Ultra, respectively. The Galaxy S23 Ultra is seen to sport an S Pen slot. All three devices appear to have a hole-punch cutout on display to house the selfie shooter. The renders show the Galaxy S23 and Galaxy S23+ with a triple rear camera unit and an LED flash. The Galaxy S23 Ultra, in contrast, is seen featuring a quad camera setup at the rear. The power and volume buttons are seen placed on the left spine of the handsets. Samsung Galaxy Z Fold 5 to Have an S-Pen Slot: Report Samsung is set to launch the Galaxy S23 series on February 1 during its Galaxy Unpacked 2023 event. It will start at 11:30pm IST and it will be livestreamed via the company's official channels. The company has started pre-reservations for the upcoming flagship Galaxy S smartphones in India with a token payment of Rs. 1,999. Samsung Galaxy S23 Series, Galaxy Book 3 Pre-Order Reservation Begins in US Although the company hasn't confirmed any specifications of Galaxy S23 smartphones, recent leaks suggest that the devices will be powered by Qualcomm's latest Snapdragon 8 Gen 2 SoC. The Galaxy S23 Ultra is expected to feature a 200-megapixel sensor.

# Vivo Y56 5G Price in India, Design, Launch Date and Key Specifications




Vivo is set to launch the Y100 smartphone in India on February 16. The mid-range handset is expected to be powered by a MediaTek Dimensity 920 chipset and is likely to be available in at least two colour-changing variants - Black and Gold. A recent leak suggests that the Chinese phone manufacturer might launch another smartphone in the Indian market before the Y100. The company is expected to launch the Vivo Y56 smartphone in India on February 15, according to the leak, which also hinted at other key specifications and features. Details of the Vivo Y56 5G smartphone were leaked by The Tech Outlook in collaboration with tipster Paras Guglan. Vivo is likely to launch the Y56 5G smartphone in India on February 15, in at least two colour variants: Orange Shimmer and Black Engine. According to the report, the pricing for the Vivo Y56 5G in India is likely to start from Rs. 18,999 for the base variant. However, Vivo is yet to officially announce any pricing details for the handset. The phone will reportedly be available in 4GB + 128GB, and 8GB + 128 GB RAM and storage configurations. The smartphone will let users "expand" the available memory by utilising unused storage. Vivo Y100 5G Design, Specifications and Price Leaked Ahead of Launch The Vivo Y56 is expected to feature a 6.58-inch HD+ display. It is likely to run Funtouch OS 13 based on Android 13. The report adds that the smartphone is expected to be powered by a MediaTek Dimensity 700 chipset. The Vivo Y56 will reportedly pack a 5,000mAh battery with 18W fast charging support. For optics, the purported Vivo Y56 5G device is expected to feature a dual rear camera setup with a 50-megapixel primary sensor and a 2-megapixel lens. The device is also likely to house a 16-megapixel front camera in a centre-aligned tear drop cutout, seen at the top of the display in the leaked images. A leaked image shows two circular camera cutouts flanked by an LED flash. Meanwhile, the Vivo Y100, confirmed to launch on February 16, is expected to feature a 6.3-inch AMOLED display with a refresh rate of 90Hz and is likely to be powered by a MediaTek Dimensity 920 chipset, as suggested by previous reports.

# Tecno Phantom X2 5G review: A surprise package packed with power




Tecno as a brand is known for its budget and mid-budget smartphones. The company has a strong portfolio of smartphones consisting of devices such as Pova 4 and the Camon 19 Pro series that offer features and performance in under 25K price segment. But recently, the company did something unexpected and unthinkable. It launched the Phantom X2 series and with that, the company took a leap to the premium mid-budget smartphone segment. For the unversed, the Tecno Phantom X2 series includes two smartphones – the Phantom X2 Pro 5G and the Phantom X2 5G, which is the star of this review, costs Rs 39,999 in India. Also Read - Intel launches 13th-gen Core i9 processor with 6GHz speed: Check details The Tecno Phantom X2 5G has all the hallmarks of a power performer – a curved-screen AMOLED display, a glass body, a high-end processor (Dimensity 9000), a 64MP triple camera setup, a large battery and 5G connectivity to name a few. But it faces stiff competition from established rivals such as Xiaomi Mi 11T Pro 5G, Asus ROG Phone 5s 5G, and OnePlus 10R. Also Read - Riot celebrates success of Valorant's Indian agent Harbor by displaying Mural Art and Billboards across India Under the circumstances, the question isn't if the phone is capable of delivering what it promises, but if it is able to stand tall against the competition. We will try to answer that and more in the detailed review below. But before we get there, let's take a look at its detailed specifications. Also Read - Microsoft Teams gets chat bubbles, 4K display support and more Tecno Phantom X2 5G specifications Display: 6.8-inch Curved AMOLED display with 120Hz screen refresh rate, 1080×2400 resolution, Gorilla Glass Victus Processor: MediaTek Dimensity 9000 Storage: 8GB of RAM, 5GB of extended RAM (13GB of LPDDR5 RAM) and 256GB of UFS3.1 storage Operating System: Android 12-based HiOS 12.0 Camera: 64MP ultra clear night portrait lens with RGBW sensor + 13 MP wide angle lens + 2MP sensor, 32MP front camera Battery: 5160mAH battery with 45W wired charging support Connectivity: 5G, WiFi 6, Bluetooth v5.3, Colours: Moonlight Silver and Stardust Grey Tecno Phantom X2 5G review: Design There are a lot of smartphones in the premium mid-budget segment right now, but few have the beauty and the grace that sets them apart from the rest. Tecno Phantom X2 5G is among the few devices in its price segment that is simple yet incredibly elegant, which makes all the difference. The phone comes with a unibody double curved screen design with a 3.5D Lunar Crater Dazzling stained glass at the back, which Tecno says is inspired by moon's craters. We got

# Samsung Odyssey OLED G8, Odyssey G7 and G7 Neo gaming monitors




Samsung on Tuesday launched the latest range of Odyssey Gaming monitors for Indian consumers. The Odyssey OLED G8, Odyssey G7, and G7 Neo are the latest addition to the Odyssey Gaming Monitor series with features such as Neo Quantum processor, HDR true black 400, Smart entertainment, and AMD FreeSync Premium Pro. The new range of gaming monitors are said to offer a next-level gaming experience as well as entertainment on the same screen with its Smart Entertainment feature. With the inbuilt entertainment hub feature, consumers can convert the gaming monitor into a smart TV with just a click. According to the company, these monitors are engineered and designed to offer faster refresh rates, better gaming, and viewing experience, enhanced audio system, and higher pixel density, packed in a premium slim metal design. The latest line-up of the Odyssey monitors are for gamers because they come with a fast response time and a superior picture quality, making their gaming experience more immersive. Price and Availability: Odyssey OLED G8 monitor comes in Silver colour in India at a price of Rs 1,75,000. Odyssey Neo G7 will be available in White colour for 43-inch and Black colour for 32-inch at Rs 1,00,000 and Rs 1,30,000, respectively. Odyssey G7 in Black colour will be available at price of Rs 75,000. Customers can buy monitors from Samsung's official online store Samsung Shop, Amazon, and all leading retail stores. Odyssey OLED G8 and Odyssey Neo G7 will be available on an Instant Discount of Rs 1,750 on debit and credit cards of ICICI and leading banks along with a no cost EMI. Odyssey OLED G8 Specifications: The fastest OLED Gaming Monitor among the range of Odyssey monitors, the Odyssey OLED G8 aims to provide a life-like viewing experience due to the Samsung Neo Quantum Processor installed in it. The GTG 0.1ms and 175Hz.refresh rate makes the gaming.

# Bitcoin Sees Profit Spike as Ether, Other Altcoins Record Losses

Bitcoin on Friday rose in value by 2.38 percent. The price of the most valuable crypto asset, at the time of writing, stood at the point of $18,767 (roughly Rs. 15,27 lakh). Bitcoin maintained a similar position on international exchanges including Binance, Coinbase, and CoinMarketCap. The crypto market has begun to show signs of recovery with the prices of several cryptocurrencies having spiked in recent days. In the last 24 hours, the value of BTC has grown by $560 (roughly Rs. 45,570). Polygon, Polkadot, Tron, and Uniswap followed Bitcoin towards the profit-minting side of Gadgets 360's crypto price tracker. Avalanche prices surged by 25 percent in the last 14 hours, after Amazon Web Services (AWS) inked a deal with its creator, Ava Labs to provide a crypto-friendly infrastructure via Amazon's AWS. Samsung Asset Management to List Bitcoin ETF on Hong Kong Stock Exchange Cosmos, Wrapped Bitcoin, Bitcoin Cash, Elrond, and Zcash also recorded profits on the crypto price chart. "It is a good sign indicating investors are coming back to the market. However, it is time to apply caution and only move towards dollar cost averaging," Edul Patel, the CEO of crypto investment platform Mudrex told Gadgets 360. The overall crypto market rose by 1.95 percent in the last 24 hours. After weeks of laying lowly, the global valuation of the crypto sector has reached $907.23 billion (roughly Rs. 73,82,651 crore), showed the data by CoinMarketCap. Ethereum Set to Undergo Shanghai Update in March, Here's What It Means In one day, the market cap has risen by $17 billion (roughly Rs. 1,38,360 crore). "This recent surge in crypto prices is on the back of upcoming monthly inflation data in the US, where economists are predicting negative month-on-month growth or deflation, as the unprecedented increase in Fed rates has finally started resulting in a cool-off in prices. This has resulted in increased buoyancy across 'risk-on' asset classes, with equities rising sharply. as well," Parth Chaturvedi, Crypto Ecosystem Lead at CoinSwitch crypto exchange, told Gadgets 360. Meanwhile, a bunch of popular altcoins recorded losses on Friday. Ether, for instance, opened with a loss of 0.28 percent. Despite the minor gain, ETH managed

# Garmin Instinct Crossover Solar Review: A Fun, Multi-Sport Smartwatch



Garmin's Instinct Crossover Solar hybrid smartwatch is an update to its Instinct 2S Solar, which was launched in India last year. While the Instinct 2S Solar was launched as a multi-sport smartwatch with a rugged design, the Instinct Crossover Solar adds several updates. The visual updates include analogue hands for timekeeping, and a solar panel which can be used to charge the watch and power it infinitely. While the watch is quite unique for a Garmin device, being the first smartwatch in its arsenal to combine the two features, there's plenty more here to check out so let's begin. Garmin Instinct Crossover Solar price in India The Garmin Instinct Crossover Solar is available in two variants. There's the base Instinct Crossover variant called the Standard edition, which is priced at Rs. 55,990. The second in line is the solar variant, which is the one I have for review and is available at Rs. 61,990. As the name implies, it comes with the addition of a solar panel. Garmin Instinct Crossover Solar design and specifications The two variants of the new Garmin Instinct Crossover have the same external design but with slightly varying finishes. The Standard edition comes in Blue Granite and Black finishes, while the Solar variant comes in Graphite and Tidal Blue. I received former colour for review. The Garmin Crossover Solar's design is fairly similar to the previous Instinct 2 and the Instinct 2S series and features a case that's made of a fibre-reinforced polymer with a stainless steel bezel insert. Compared to the Instinct 2 series, the display glass sits a lot higher and closer to the protective bezel which also makes it vulnerable to scratches. Thankfully, despite having a few close calls, the lens which is made out of 'Power Glass' got just one tiny scratch during my review. The watch, while having double the thickness of the Apple Watch Series 8 Review, looks tough and rugged, and can take quite a beating. The case size measures 45mm and the watch has a thickness of 16.2mm. Garmin Instinct Crossover Solar front design ndtv GarminInstinctCrossoverSolar Garmin The Garmin Instinct Crossover Solar Instinct 2S model The watch, with its removable silicone straps, weighs 65g and has a water rating of 10 ATM. It is also MIL-STD-810 certified for durability. Despite its rugged exterior and heavier than usual weight compared to a regular smartwatch, I did find the Garmin Instinct Crossover Solar quite comfortable to wear on a daily basis. The 22mm silicon straps are long enough to fit wrists of all sizes and Garmin sells some colourful options separately. The straps come with the common quick release mechanism.which is a bit difficult to access as the pins sit deep inside the lugs and requires a pointed tool to access. Below the lens of the Garmin Instinct Crossover Solar is the cutout dial with all the necessary markings with luminescent paint to tell time. On the same level are the watch hands which are guided by Garmin's Revodrive technology which claims to be able to maintain accurate timekeeping in all types of conditions (which also includes severe impacts). Finally, below the hands sits the 1.28-inch monochrome, transflective memory-

चिंतन

# जीवनशैली संबंधी बीमारियों के खिलाफ अभियान चले

भारत में जीवनशैली संबंधित रोगों से पीड़ित लोगों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। मोटापा, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, कैंसर, थायराइड जीवनशैली संबंधी रोग माने जाते हैं। हाल में ही सरकार ने 30 वर्ष की उम्र से अधिक करीब 89 करोड़ लोगों की देशभर में स्वास्थ्य जांच करवाने का फैसला लिया है। सरकार राष्ट्रीय अभियान चलाकर इस उम्र के लोगों में डायबिटीज, बीपी, कैंसर की जांच करवाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में देश में मोटापे पीड़ितों की बढ़ती संख्या पर चिंता जताई है और लोगों से दस फीसदी कम फैट के सेवन का आह्वान किया है। हाल के दशकों में भारतीयों की लाइफस्टाइल से शारीरिक श्रम कम होता गया है और सिडेंट्री लाइफ अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में करीब 21 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं, 19 करोड़ लोग बीपी के शिकार हैं, 14 करोड़ लोग मोटापा व करीब 9 करोड़ लोग किसी न किसी प्रकार के कैंसर से पीड़ित हैं। 15 करोड़ से अधिक महिलाएं थायराइड की शिकार हैं। देश में करीब 40 करोड़ से अधिक लोग जीवनशैली से संबंधित बीमारियों से पीड़ित हैं। देश में फास्टफूड का चलन बढ़ा है, बाहर खाने की चाहत बढ़ी है। इन कारणों से लाइफस्टाइल संबंधित मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ देश के लिए मोटापे की समस्या से निपटने पर बल देते हुए रविवार को देशवासियों से खाने के तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कटौती करने का आह्वान किया है। इसके दो फायदे हैं। खानपान में तेल की खपत कम होने से स्वास्थ्य ठीक रहेगा और देश को तेल कम आयात करना होगा। चिकित्सकों के मुताबिक, नारियल तेल, सरसों तेल, जैतून तेल व शुद्ध घी स्वास्थ्य के लिए अच्छे फैट माने जाते हैं, जबकि अन्य रिफाइंड आयल ठीक नहीं माने जाते। भारत बड़ी मात्रा में पाम समेत कई प्रकार के रिफाइंड तेल आयात करता है। पीएम ने फिट इंडिया का भी आह्वान किया था, जिसमें लोगों से योग व्यायाम को जीवनशैली में अपनाने के लिए कहा था। आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है और बीते कुछ वर्षों में ऐसे मामले दोगुने हो गए हैं। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2022 में दुनियाभर में करीब 250 करोड़ लोगों का वजन आवश्यकता से भी कहीं ज्यादा था। स्वास्थ्य संबंधी चीजें खतरनाक न हो जाए, देश में महामारी न बन जाए, इसके लिए आवश्यक है कि जीवन को गुणवत्तापूर्ण बनाया जाय, जिसमें काम और आराम में संतुलन हो। सरकार को इसी के साथ मानसिक स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। आज के शहरी जीवन में तनाव, अवसाद जैसे मानसिक समस्याओं के पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। ये मानसिक समस्याएं भी लाइफस्टाइल के चलते हो रही हैं। भारत में करीब 15 करोड़ लोग टेंशन, डिप्रेशन आदि मानसिक समस्याओं से पीड़ित हैं। आमजन के स्वास्थ्य के प्रति सरकार को सजग होना ही चाहिए, लेकिन इसके साथ ही देश में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए वर्ल्ड क्लास का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी बनाया जाना चाहिए। इस क्षेत्र में भारत के लिए अपार संभावनाएं हैं। स्वास्थ्य मद में जीडीपी का छह फीसदी से अधिक बजट आवंटन होना चाहिए। मोदी सरकार को स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर बड़ा निवेश करना चाहिए और उपाचार के लिए हॉलिस्टिक एप्रोच अपनाना चाहिए। चिकित्सा के प्रिवेंटिव हेल्थ पर अधिक ध्यान देना चाहिए।



विश्लेषण
विकेश कुमार बडोला

# यूएसएड की गहन षड्यंत्रकारी जड़ें

दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

यूएसएड अर्थात अमेरिकी वित्तीय सहायता विषय देशी-विदेशी राजनीति के केंद्र में है। दूसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने जिन आक्रामक नीतियों को त्वरित गति से क्रियान्वित किया है, उनमें भारत समेत दुनिया के अनेक देशों को मिलती रही यूएसएड को रोकना भी शामिल है। उन्होंने अमेरिकी नव विदेशी नीति की समीक्षा होने तक दुनिया के भिन्न-भिन्न देशों को मिलने वाली अमेरिकी वित्त सहायता पर रोक लगा दी है। यूएसएड के अधिकारियों के अनुसार गत 7 फरवरी को पूरे विश्व में एजेंसी के सभी मानवीय कार्य रोक दिये गये थे। इस संबंध में मस्क के आधिकारिक वक्तव्य से पहले ही एजेंसी की वित्त सहायता से संबंधी वेबसाइट बंद कर दी गई थी। राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा की दुर्भावनावश डेमोक्रेट्स समर्थक न्यायालय द्वारा ट्रंप का वह आदेश रोक दिया गया था जिसमें शासकीय कार्यकुशलता विभाग (डीओजीई) के कर्मचारियों को अवकाश पर भेजा जा रहा था। व्यवसायी एलन मस्क विद्यमान अमेरिकी शासन के जिस डीओजीई के प्रमुख चुने गये हैं, उसी के अनुसंधान पर यूएसएड के संबंध में तरह-तरह की शंकायें प्रकट हुई हैं। बाइडेन के कार्यकाल में ऐसी सहायता की आड़ में अमेरिका ने अलग-अलग देशों में अपने प्रतिकूल संचालित हो रहे शासन और शासकों को अपदस्थ करने में अरबों रुपये का अपव्यय किया। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि भारतीय चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले शासन को पराजित करने के मंतव्य से वहां के विपक्षियों को यूएसएड का अनुचित वितरण किया गया।

इसके बाद बाइडेन शासन पर संदेह उभरता है कि क्या 2.1 करोड़ डॉलर की एड भारत में इसी षड्यंत्र पूर्ति के लिए दी गई। इस संदेहास्पद वातावरण में ट्रंप से लेकर भारतीय सत्ताधारी दल भाजपा के नेताओं द्वारा प्रश्न पूछे जाने लगे हैं कि क्या बाइडेन यह सब कुछ कांग्रेस को सत्तारूढ़ करने के लिए कर रहे थे। इस प्रसंग पर विदेश मंत्रालय, विभाग और विदेश कार्य का समग्र कार्यकारी तंत्र संदेह की परतें हटाने और सत्योद्घाटन करने की दिशा में कार्यरत हो चुका है। वास्तव में बीसवीं सदी के वर्ष 1961 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी यूएसएड विदेशी सहायता एजेंसी की स्थापना की थी। तात्कालिक रूप में इस सहायता का उद्देश्य अमेरिकी दृष्टि में अति पिछड़े देशों में जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करना था। इन आवश्यकताओं के अंतर्गत ऐसे देशों में भोजन, वस्त्र, औषधि, शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए वार्षिक रूप में यूएसएड भेजी जाने लगी। जैसे-जैसे अमेरिका ने दुनिया में अपना प्रभुत्व फैलाना आरंभ किया, वैसे-वैसे अन्य गरीब, पिछड़े देश भी अमेरिकी आर्थिक सहायता प्राप्त करने लगे। इन देशों में बांग्लादेश, पाकिस्तान, म्यांमार, नाइजीरिया, कांगो, सोमालिया, यमन, सूडान, इत्यादि भी शामिल थे। धीरे-धीरे अमेरिका ने विकासशील देशों में भी यूएसएड की आड़ में अपनी राजनीतियों का क्रियान्वयन आरंभ कर दिया। कालांतर में सोमालिया, सूडान, इराक, सीरिया, यमन, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और यहां तक कि भारत में भी अमेरिकी वित्तीय सहायता आतंक फैलाने, मादक पदार्थों की तस्करी करने और लोकतांत्रिक माध्यम से स्थापित सत्ताओं के विरुद्ध तरह-तरह का दुष्प्रचार करने में खर्च होने लगी। कैनेडी ने



